Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांकः– Quality/341/2025/3881 दिनांक : 21/8/25

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा)**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA),**
सभी जिला।

**विषयः–** **समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अन्तर्गत स्वीकृत गतिविधि विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में कक्षा VI–XII तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, जिज्ञासा आधारित प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी विषय के शिक्षण को रुचिकर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम अन्तर्गत विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता हेतु बजट अनुमोदित है। प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निम्न विवरणीनुसार जिलों की वित्तीय अधिसीमा तय की जा रही है :–

| **Activity** | **School level** | **Block/BRC (Rs)** | **District (Rs)** |
|---|---|---|---|
| Science Exhibition | Elementary Schools | 10000 | 50000 |
| | Secondary Schools | 10000 | 50000 |
| Quiz Competition | Elementary Schools | 0 | 10000 |
| | Secondary Schools | 10000 | 0 |
| **Total Budget for combined activity at block and district** | | **30000** | **1,10,000** |

जिले के प्रारंभिक/माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का प्रखंड/BRC एवं जिला स्तर पर संयुक्त रूप से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के थीम पर आधारित निम्न 03 विषयों पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाना है।

(क) "विकसित भारत" के लिए विज्ञान और नवाचार में संभावनाएँ (कक्षा 06 से 12 के लिए)

(ख) कृत्रिम बुद्धिमता (AI) का उपयोग संभावनाएँ और चुनौतियाँ है। (कक्षा 06 से 08 के लिए)

(ग) क्वांटम युग का आगाज संभावनाएँ और चुनौतियाँ है। (कक्षा 09 से 12 के लिए)

अतएव, प्रखंड/BRC एवं जिला स्तर पर संयुक्त रूप से प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निम्न निदेश दिये जाते हैं:–

1. जिले के सभी प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में गठित विज्ञान एवं गणित क्लब के माध्यम से दिनांक 15 सितम्बर, 2025 तक विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित करने का निदेश दिया जाय। सभी प्रतियोगिता हेतु सभी विषय



Scanned with OKEN Scanner

Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

के लिए दो–दो बच्चों की टीम बनायी जायेगी। प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता टीम की प्रतिभागिता प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में की जायेगी।

2. प्रखंड स्तर पर प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के विज्ञान प्रदर्शनी/पुस्तक मेला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 सितम्बर, 2025 तक कराया जाय। प्रखंड स्तरीय आयोजन में SCERT, पटना से प्रशिक्षित शिक्षकों एवं DIET/ शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्यों के सहयोग से विज्ञान एवं गणित विषय से संबंधित प्रायोगिक कार्यक्रमों, प्रश्नोत्तरी इत्यादि का निर्माण किया जा सकता है। प्रखंड स्तर पर प्रारंभिक एवं माध्यमिक श्रेणी में सभी विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त विजेता टीम की प्रतिभागिता जिला स्तरीय प्रतियोगिता में होगी।

3. जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 सितम्बर, 2025 तक कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सभी विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त टीम की विवरणी राज्य कार्यालय को दिनांक–02.10.2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाय। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु निदेश अलग से प्रेषित की जायेगी।

4. प्रखंड एवं जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निर्धारित राशि का उपयोग बैनर, आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्था, स्टेशनरी, ऑडियो विजुअल सामग्री, निर्णायकों के मानदेय एवं प्रतिभागियों के लंच/चाय/पानी, विजेताओं के पुरस्कार, प्रतिभागियों के सर्टिफिकेट आदि में किया जायेगा। साथ ही, प्रखंड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के संपादन के उपरान्त व्ययित राशि का प्रतिवेदन प्रबंध पोर्टल पर दिनांक 10 अक्टूबर 2025 के पूर्व तक अपडेट कराया जायेगा।

अतएव, तद्नुसार यथावश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,
Warwade 21/8/25
(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

अनुलग्नक : यथोक्त।



Scanned with OKEN Scanner